शिक्षकों को दे रहे विज्ञान प्रायोगिक विषय का प्रशिक्षण, बच्चों में समझ होगी विकसित

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः जिले के 116 हाई स्कूल और हाई सेकंडरी स्कूल के कक्षा नौवी और 10वीं में विज्ञान विषय पढाने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय विज्ञान विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजन राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार हो रहा है।

उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे, सहायक संचालक पुष्पेंद्र ससत्या, डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव, नोडल उत्कृष्ट प्राचार्य हेमेंद्र यादव, डाइट से एमडी शर्मा, मास्टर ट्रेनर कमलकिशोर शर्मा व भरत कोली तथा जिले के सभी विद्यालय के विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी शिप्रे ने बताया कि विज्ञान विषय को प्रभावी बनाने के लिए बच्चों को विज्ञान विषय से संबंधित प्रायोगिक कार्य करवाना अत्यंत आवश्यक है। डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान विषय बच्चों को सोचने के लिए प्रेरित करता है, इससे उनमें समझ विकसित होती है।

उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य यादव ने सभी शिक्षकों को पूरे समय उपस्थित रहकर रुचि पूर्ण ढंग से प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कारपेंटर ने संपूर्ण प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। मास्टर ट्रेनर कमल किशोर शर्मा एवं भरत कोली शिक्षकों को विभिन्न समूह में बांट कर विभिन्न प्रयोग संबंधी जानकारी तीन दिवसीय प्रशिक्षण में देंगे। प्रथम सत्र का संचालन रविकांत त्रिपाठी ने किया।

विज्ञान प्रयोग की बारीकियां सीखते शिक्षक। ● नईदुनिया